**Nai Dunia (Indore), 12th October 2020, Page-3**

## ऑनलाइन होगा आइआइटी का दीक्षांत समारोह

**इंदौर।** कोरोना महामारी के दौर में जहां आइआइएम इंदौर इस सत्र का दीक्षांत समारोह निरस्त कर चुका है, वहीं आइआइटी इंदौर ने दीक्षांत समारोह आयोजित करने का फैसला लिया है। यह समारोह 19 अक्टूबर को ऑनलाइन होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेशचंद्र पोखरियाल निशंक मुख्य अतिथि होंगे। आइआइटी के अनुसार पासआउट हो रहे 412 विद्यार्थी ऑनलाइन ही समारोह में भागीदारी करेंगे। केवल बैच के मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को संस्थान में उपस्थित रहना होगा। डायरेक्टर प्रो.नीलेश जैन और चेयरमैन डॉ. दीपक बी फाटक मेडल प्रदान करेंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र सप्तऋषि घोष को प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह में 233 बीटेक विद्यार्थी, 58 एमएससी के विद्यार्थी, 57 एमटेक के विद्यार्थी, 6 एमएस के विद्यार्थियों के साथ 58 पीएचडी छात्रों को उपाधियां दी जाएगी। आनंद पिटारे पहले आइआइटी स्टाफ सदस्य होंगे जो इस बैच के साथ पीएचडी की उपाधि हासिल कर रहे हैं। –नप्र